## स्पीड न्यूज

### शहरी क्षेत्र में कई जलमीनार खराब गर्मी में जनता पानी के लिए व्याकुल



**हुसैनाबाद, पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नम्बर 13 समेत कई वार्डो में लगाये गए जलमीनार खराब हैं जिससे जनता पानी के बिना व्याकुल हैं वही स्थानीय जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान नही दे रहे हैं इस समस्या को लेकर दर्जनों वार्ड वासियों ने कार्यपालक पदाधिकारी को एक लिखित आवेदन देकर उक्त समस्याओं से अवगत कराते हुए आविलम्भ निदान करवाने का आग्रह किया पत्र लोगो ने ये भी कहा हैं अप्रैल व मई माह में प्रचंड धूप व लू लहर से लोग परेशान है वही लगन का महीना हैं आस पास में कई घरों में शादी विवाह का कार्यक्रम हैं लेकिन जलमीनार खराब होने से सभी लोगो को काफी परेशानी हो रही हैं। आवेदन देने वालो में रामजन्म राम, राजेश कुमार, विकास राम, लक्ष्मण राम, आभा देवी समेत दर्जनों लोग शामिल है।

### सीमेंट ट्रक लूटकांड के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** पांकी थाना पुलिस ने एक साल से फरार चल रहा सीमेंट ट्रक लूट कांड के आरोपी को गिरफ्तार किया है ।जिसे न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव ने बताया कि बीते वर्ष पांकी बालूमाथ पथ के कारीमाटी जंगल से गुजरने के क्रम मे सीमेंट लदे एक ट्रक की चोरी हुई थी। जिसमें तत्कालीन थाना प्रभारी के द्वारा इसमे शामिल गिरोह के पांच सदस्यों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उन्होंने बताया कि इस लूट कांड में पांकी थाना क्षेत्र के डंडारकला गांव निवासी छोटू कुमार उर्फ रविंद्र कुमार पिता बरत मोची फरार हो गया था। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### आजसू पार्टी जिला कमेटी की बैठक



**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी जिला कमेटी की बैठक गुरुवार को मेदनीनगर परिसदन भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने की। संचालन जिला प्रवक्ता बसंत विश्वकर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 30 अप्रैल को रांची में आहूत राज्य स्तरीय सामाजिक न्याय मार्च में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ भाग लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव एवं गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार, विकेश शुक्ला, इम्तियाज अहमद नजमी, विजय मेहता, जिला उपाध्यक्ष विशाल वर्मा, शक्ति सिंह, चंद्रशेखर सिंह छोटू, जिला सचिव कृष्ण कुमार बन पर, पड़वा प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार, पाटन प्रखंड सचिव अशोक विश्वकर्मा, हुसैनाबाद प्रखंड प्रभारी मनोज शर्मा, छात्र नेता अभिषेक राज, चैनपुर प्रभारी आनन्द चन्द्रवंशी आदि अनेक नेता कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### 29 अप्रैल से कंडा में श्री सूर्यनारायण महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन



**नावा बाजार।** पलामू। प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कण्डा में श्री सूर्यनारायण महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन श्री श्री 1008 श्री त्यागी जी महाराज के तत्वावधान में एवं यज्ञ आचार्य श्री प्रदीप मिश्रा जी के द्वारा किया जा रहा है। जिसे लेकर यज्ञ का तैयारी दिन रात चल रही है। कण्डा पंचायत मुखिया सह सूर्य मंदिर कमिटी के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने यज्ञ का तैयारी का जायजा लिये एवं जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यज्ञ का कार्यक्रम 29 अप्रैल से 5 मई तक किया जायेगा। जिसमे 29 अप्रैल दिन शनिवार को जलयात्रा, 30 अप्रैल को दिन रविवार को पंचाग पूजन, अग्नि मंथन, मंडप प्रवेश, 1 मई को देवताओं का अधिवास, 2 मई को नगर भ्रमण, 3 मई दिन बुधवार को सूर्य नारायण भगवान का प्राण प्रतिष्ठा, 4 मई दिन गुरुवार को प्रवचन, 5 मई दिन शुक्रवार को यज्ञ पूणाहुति एवं संत ब्राह्मणों का विदाई किया जायेगा। यज्ञ में रामलीला का भी आयोजन होंगे। मौके पर विरेंद्र सिंह, कमल पासवान, रंजन चंद्रवंशी, धर्मेंद्र मेहता, अशोक भुइयां, समाजसेवी मनोज यादव, मदन राम, नीतीश चंद्रवंशी, संजीत साहू, नरेश ठाकुर, सुदामा सिंह, कमलेश सिंह, अमरेश सिंह, विनोद सिंह के साथ कई लोग मौजूद थे।

### अधम शरीर को भूल परमात्मा से प्रेम करना सीखें : लखनजी महाराज



**बिश्रमापुर।** प्रखंड अंतर्गत पंजरी खुर्द गांव में श्रीमद्भागवत कथा के साप्ताहिक आयोजन के क्रम में कथावाचक लखनजी महाराज ने कहा कि प्राणी मात्र को इस अधम शरीर को कजोड़ परमात्मा से प्रेम करना चाहिए। इस नश्वर शरीर से मोह ही व्यक्ति के दुख का कारण है। इसलिए प्राणिमात्र को चाहिए वह वैराग्य भाव से प्रभु के चरणों में अपनी आशक्ति करे। कथा श्रवण के क्रम में आयोजक अनिल पाठक, शिव कुमार चौधरी, रवि ओझा, नवल पाठक नंदलाल पाठक, गोपाल पाठक, सुदेश्वर पाठक, आशिक तिवारी, कमलानंद दुबे, मुरारी पाठक, रामरक्षेया पाठक, महेंद्र पाठक, यमुना पाठक, रामानुज पाठक, रामप्रवेश पाठक, रविन्द्र पाठक, चंद्रिका पाठक, रामविलास पाठक, दवेंद्र पाठक आदि उपस्थित थे।

### पति-पत्नी के बीच विवाद समाप्त एलएडीसी डिप्टी चीफ ने करायी सुलह



**मेदिनीनगर।** पति पत्नी के बीच चल रहे विवाद को जिला विधिक सेवा प्राधिकार में रिटेनर व एल ए डी सी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय के प्रयास से मामला में सुलह करा दिया गया हैं। इस तरह दो घर बिछुड़ने से बच गया। बिदित हो कि लड़की ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन देकर ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए मामले में करवाई करने की गुहार लगाई थी। ससुराल वालों को 10 अप्रैल को नोटिस भेजकर कर 27 अप्रैल को बुलाया गया था। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने इस मामले को मध्यस्थता कराने हेतु एल ए डी सी को अग्रसारित किये थे। लड़का व लड़की दोनो एल ए डी सी कार्यालय में उपस्थित हुए। दोनों पक्षो से बातचीत की गई। दोनों पति पत्नी साथ रहने पर सहमति ब्यक्त किये। दोनों पक्ष के द्वारा सुलहनामा दाखिल किया गया। इसके बाद दोनों के सहमति पर मामला सफल घोषित किया गया। इस प्रकार पति पत्नी के दरकते रिश्ते को बचा लिया गया। विदित हो कि यह मामला पंडवा थाना अंतर्गत लोहड़ी गांव का था। डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि यहां मामला समझौता हो जाने से एक घर बस गया साथ ही आर्थिक मानसिक परेशानी से लोगो को राहत मिल गया। विवाद का समाधान भी शीघ हो गया। इस मामले मे लड़की सुषमा देवी के पक्ष से अधिवक्ता गोपाल मिश्र व लड़का श्रवण शर्मा के पक्ष से अधिवक्ता राधेश्याम प्रसाद उपस्थित थे।

# शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी : एसपी

### एचपीएल 2023 का विजेता बना रेणुसागर

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने कहा कि मनुष्य को शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी है। लगातार पढ़ाई व काम करने के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है। ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है। हिन्डालको ने इस तरह का टूर्नामेंट कराकर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस प्रबंधन द्वारा आयोजित एचपीएल 2023 के फाइनल मैच में बोल रहे थे। पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने फाइनल मैच का उदघाटन बैलून उड़ाकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। समारोह की अध्यक्षता यूनिट हेड मैनक चक्रवर्ती ने किया। फाइनल मैच में रेणुसागर ने रेणुकूट को दो विकेट से पराजित कर एचपीएल 2023 पर कब्जा जमा लिया। एसपी ने कहा कि हिन्डालको ने का ग्राउंड पलामू के लिए एक बेहतर उपहार है। हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बिजनेस हेड राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि जीवन में खेल-कूद और व्यायाम जीवन को अनुशासित बनाता है। आपने अक्सर देखा होगा कि खेल-कूद करने वाले लोग हमेशा कॉन्फिडेंट रहते हैं और चुनौतियों के सामना करने के लिए उनका मानसिक स्तर हमेशा ऊंचा ही होता है। साइंटिस्ट के द्वारा माना गया है कि जो लोग व्यायाम और खेल कूद करते हैं उनका दिमाग दूसरे लोगों से जल्दी फैसला कर सकता है। बिजनेस हेड राजेश गुप्ता ने कहा कि हिंडाल्को केवल व्यवसाय नहीं करती है बल्कि अपने कर्मियों के साथ साथ अपने कार्य क्षेत्र मे रहने वाले लोगों के सुख दुःख हमेशा भागीदारी बनता है। डिप्टी सीएचआरओ सतीश आनंद ने कहा कि खेलकूद जुड़ाव का बेहतर माध्यम है।

खिलाड़ी जिस तरह से मैच जीतने के लिए पूरी टीम के खिलाड़ी एकजूटता के साथ खेलते हैं उसी तरह हम सभी लोगों को अपने संस्थान के विकास के लिए टीम भावना के साथ काम करना चाहिए। बेस्ट बालर रेणुकूट के जीएन सिंह, मैन आफ द मैच दीपक व बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार सुमित को दिया गया। इस मौके पर झारखंड हेड विवेक मिश्रा, अध्यक्ष बृजेश झा, अध्यक्ष विवेक मिश्रा, जीएम पर्चेज रणजीत अग्रवाल, माइंस मैनेजर राजू सिंह, मनप्रीत भाटिया, अरूप बनर्जी, विशाल सिंह, विजयकांत दुबे, चेतलाल विश्वकर्मा, अश्विनी कुमार, जयंत शुक्ला, नितेश पौराणिक, राकेश सिंह, प्रवीण सिंह, अमूल्य प्रताप सिंह, विशाल कश्यप, गौतम सिन्हा, शैलेन्द्र सिंह, सुनील सिन्हा,आरके शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

# भाजपा एसटी मोर्चा के मनातू प्रखंड अध्यक्ष का शव पेड़ से झूलता मिला

## परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका, शव को लेकर किया सड़क जाम

- मुआवजे व अपराधी की गिरफ्तारी की मांग की
- विधायक एवं पुलिस ने समझा कर जाम को हटाया

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर/मनातू।** भाजपा एसटी मोर्चा के मनातू प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद सिंह के शव को पुलिस ने ग्राम कमार्टीला सेमरी रोड स्थित पलास के पेड़ से झूलता बरामद किया। प्रमोद सिंह बुधवार को अपने घर से शाम को मोटरसाइकिल से निकले थे जो काफी देर रात तक घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजना शुरू किया। नहीं मिले तो परिजन सुबह होने का इंतजार कर रहे थे। सुबह में खोजबीन करने के बाद पता लगा कि प्रमोद सिंह का शव पेड़ से झुल रहा है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। परिजनों ने बताया कि जमीन विवाद का मामला चल रहा था। जिस कारण उनकी हत्या देर रात को ही कर दी गई थी और शव को पेड़ में लटका दिया गया था। ताकि लोग इसे आत्महत्या समझें। इधर, परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से शव के साथ सेमरी मुख्य सड़क को जाम कर दिया और हत्यारों की गिरफ्तारी करने, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने एवं मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए विरोध में नारे लगाए।

**हत्या से हूं मर्माहत, गिरफ्तारी नहीं तो आंदोलन : डॉ मेहता**

घटना की सूचना मिलते ही पाकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया और परिजनों से कहा कि प्रमोद सिंह की हत्या से मैं मर्माहत हूं। परिवार को मुआवजा एवं परिवार की नौकरी दिलवाने का आस्वासन दिया। उन्होंने पुलिस से 24 घंटा में हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग किया। नहीं तो आदिवासी समाज के साथ सड़क पर आंदोलन करने के लिए उतरेंगे।

# बालू उठाव की स्वीकृति देने के लिए सभी धन्यवाद के पात्र, गरीब लाभुक को होगा फायदा : कर्नल संजय

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** जिला प्रशासन द्वारा पलामू जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य विकास कार्य हेतु बालू उठाव की स्वीकृति मिलने के बाद किसानों में खुशी की लहर है। वैसे गरीब किसान जिनका प्रधानमंत्री आवास बालू के अभाव में अवरोध था तथा सरकार द्वारा समय पर आवास का निर्माण नहीं पूरा करने के चलते व्याज सहित आवास का पैसा वापस लेने की नोटिस भी जारी की जा चुकी थी, उनको अब बड़ी राहत मिली है। उक्त बातों की जानकारी भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने पार्टी कार्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया। उन्होंने बताया कि 23 मार्च को हुसैनाबाद अनुमंडल के मैदान में किया गया किसानों का विशाल महापंचायत के माध्यम से मैंने प्रशासन से बालू उठाव पर लगे रोक को हटाने का लिखित आग्रह किया था। इसी महीने 21 अप्रैल 2023 को महामहिम राज्यपाल को हमारे नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन सौंपकर बालू के अभाव में हो रहे समस्याओं से अवगत कराया था। आज उसी का नतीजा है कि पलामू जिला प्रशासन के तरफ से बालू उठाव के लिए स्वीकृति मिला है। इसके लिए हमलोग समस्त क्षेत्र वासियों की तरफ से पलामू उपायुक्त सहित महामहिम राज्यपाल तथा उनके अधिनस्थ सभी पदाधिकारी गणों के प्रति आभार प्रकट करते हैं। भुनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि गरीब किसानों ने कर्नल संजय को साधुवाद दिया है। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, विजय चौहान, अमित सिंह, मनोहर सिंह, समाजसेवी लालधन ठाकुर, अजय सिंह, सत्यनारायण यादव, अशोक सिंह, गणेश प्रजापति, सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बर्दाश्त नहीं : डॉ मेहता



**पांकी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने पांकी प्रखंड अंतर्गत पंचायत ताल के ग्राम आबुन में कब्रिस्तान चहारदीवारी का शिलान्यास विधिवत पूजन उपरांत नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर ताल पंचायत के मुखिया अनिता लोहरा, दसू जी, सोनू सिंह, बच्चन ठाकुर, भीम शुक्ला, चंदन सोनी, सुमित सोनी, अखिलेश राम समेत कई लोग उपस्थित थे। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा की विधानसभा क्षेत्र के सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगों को विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बर्दाश्त नही की जायेगी। साथ ही गुणवता के साथ खिलवाड़ करनेवाले संवेदक बक्से नही जायेंगे।

# सड़क का नामकरण स्व राजाराम मिश्र मार्ग किये जाने पर धीरज ने महापौर को दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रांची रोड रेड़मा से पलामू प्रमंडल के प्रसिद्ध संगीतज्ञ स्वर्गीय राजा राम मिश्र के आवास तक जाने वाले मार्ग को स्वर्गीय राजा राम मिश्र के नाम से नामकरण किए जाने पर स्वर्गीय मिश्र के पुत्र सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा एवं इनके परिवार के सभी सदस्यों ने नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर को बधाई देकर उनका आभार जताया है। धीरज मिश्रा ने बताया कि पिता के नाम से मार्ग का नामकरण कर महापौर ने सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य किया है। महापौर को बधाई देने वालो में स्वर्गीय मिश्र के परिवार से देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक नीरज मिश्र, ग्रामीण बैंक के अधिकारी पंकज मिश्र, संगीत शिक्षक सूरज मिश्र, प्रभात दुबे, सागर पाठक, सीमा मिश्रा, गीना मिश्रा, पूजा मिश्रा, इंदू मिश्रा, प्रियमवदा मिश्रा, पलक, आव्या अनुष्का एवं अन्य सदस्यों का नाम शामिल है।

**महापौर से जरासंध की प्रतिमा स्थापित करने की मांग**

मेदिनीनगर। अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष विकास कुमार उर्फ विक्की चंद्रवंशी ने मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर को विनय मोड़ को महाराज जरासंध रोड करने पर बधाई दी है। उन्होंने महापौर से मांग किया है कि उस चौक पर महाराज जरासंध की मूर्ति स्थापित की जाए। बधाई देने वालों में विजय चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी नेताजी, विशुन राम चंद्रवंशी, पिंटू कुमार, रंजीत चंद्रवंशी, कुंदन कुमार, वीरेंद्र कुमार पप्पू, नीरज कुमार वर्मा, रितेश कुमार गुड्डन सहित दर्जनों लोगों का नाम शामिल है।

### हरिहरगंज : अधेड़ की पत्थर से कूच कर हत्या



**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पथरा पिकेट अंतर्गत अकौनी गांव निवासी पूरन यादव के 55 वर्षीय पुत्र रामस्वरूप यादव की अज्ञात अपराधियों ने पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। यह घटना बुधवार की रात की है। मृतक का शव गुरुवार की सुबह उसके घर से करीब 200 मीटर दूर दक्षिण दिशा में स्थित हड़ही नदी के किनारे पाया गया। शौच करने गए मृतक के पिता पूरन यादव ने ही शव को देख शोर मचाया। मृतक का सर तथा चेहरा कूचला हुआ है। पास ही खून लगा पत्थर पड़ा था। संभावना व्यक्त की जा रही है कि इसी पत्थर से अधेड़ के चेहरे और कनपटी के हिस्से में वार किया गया होगा। शव मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर इक्कठा हो गए। उधर मृतक के परिजनों के अनुसार रामस्वरूप यादव बुधवार की रात करीब 8 बजे घर पर भैंस बांधने के बाद गांव की दुकान की ओर गए हुए थे। इसके बाद से घर नहीं लौटे। रात से ही उनकी तलाश की जा रही थी। सूचना पाकर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक सुदामा कुमार दास, पथरा पिकेट प्रभारी नीतीश कुमार, एस आई निर्भय कुमार, निरंजन कुमार, शिवशंकर उरांव घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया गया है। मौके से खून लगा पत्थर सहित अन्य सामान जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कुछ संदिग्धों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हत्या की घटना रात 9 बजे के आसपास बताई जा रही है। घर से दुकान के लिए निकलने के बाद रामस्वरूप हड़ही नदी किनारे क्यों पहुंचे, इसकी छानबीन की जा रही है। परिजनों ने घटना के बाबत कोई विशेष जानकारी नहीं दी है। घटना के वक्त रामस्वरूप की पत्नी सोनमतिया देवी घर पर नहीं थी।

### शादी से लौट रहे लोगों से हुई लूटपाट

**हुसैनाबाद, पलामू।** गुरुवार को जपला–पथरा मुख्य सड़क में शहर के वंशिबिघा व लंगरकोट के समीप बरात से लौट रहे राहगीर को दो अज्ञात नकापोष अपराधियों ने पिस्टल के नोक पर लूट छीन करने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस सबन्ध में प्रखण्ड थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी बिगन राम ने हुसैनाबाद थाना में लिखित सूचना देते हुए कहा हैं कि मैं और मेरा भगिना श्रवण राम जो हरिहरगंज अंधेरी बाग निवासी है हम दोनों पिपरा प्रखण्ड थाना क्षेत्र में अपने रिश्तेदार के बरात से एक ही मोटरसाइकिल साईकल पर सवार होकर लौट रहे थे तभी लंगरकोट गांव व वंशिबिघा के समीप दो नकापोष लोग युवक ज गमछा से मुह बांधे हुए थे पीछे से ओवरटेक करते हुए हमलोगो के आगे गाड़ी खड़ा कर दिए और जैसे ही हमदोनो गाड़ी को रोके वेलोग हमदोनो को पिस्टल सटा कर लूट छीन किया जिसमें हमलोग के पास से पांच हजार रुपया नगद व दो बड़ा मोबाइल व हमलोगो के मोटर साइकिल जिसका नम्बर जेएच 03जी 4500 का चाभी छीन कर चलते बने। इधर भुक्तभोगी ने संवाददाता से बताया कि उनलोगों के द्वारा जबरन मारपीट किया जाना लगा इसलिए हमलोग डर गए एवं दोनो युवक कम उम्र थे जो गमछा से मुह बांधे हुए थे एवं छिनने के बाद दोनों युवक शहर में नहर मोड़ की ओर आसानी से भागे। सबसे दिलचस्प बात यह हैं कि ऐसी घटना शहरी क्षेत्र में वो भी 3 बजे जब कितना लोग मॉर्निंग वॉक में घर से टहलने बाहर निकलते है यह शहर वासियों के लिए शुभसंकेत नही हैं इधर भुक्तभोगी ने यह भी कहा कि हमलोग हरिहरगंज व पिपरा से रात्रि में लौट कर आगये और शहर के नाक पर ये घटना हमलोगो के साथ हो गया यह बहुत ही चिंतनीय हैं। हालांकि भुक्तभोगी द्वारा प्राप्त आवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन यह घटना पुलिसिंग व्यवस्था के द्वारा सुरक्षा व पेट्रोलिंग व्यवस्था पर कई सवालिया निशान खड़ा कर रहा हैं।

# भविष्य निधि कार्यालय रांची के अधिकारी पहुंचे एमके डीएवी पब्लिक स्कूल

भविष्य निधि एवं पेंशन से संबंधित जानकारी प्राप्त की

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** डी.ए.वी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान आर्यरत्न पद्मश्री डॉ पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉ. जेपी शूर डायरेक्टर पी एस वन के छत्रछाया में संचालित एम.के. डीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर में क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालय रांची से दो अधिकारी पहुंचे। सरकार द्वारा निधि आपके निकट योजना अंतर्गत अधिकारी स्कूल में पहुंचे। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जीएन खान ने आगंतुक अधिकारी द्वय नंदू मुंडा प्रवर्तन अधिकारी एवं ईमैन्युअल मिंज सीनियर एस.एस.ए का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सरकार भविष्य निधि अंश दाताओं की समस्या के निदान के लिए यह कार्यक्रम महीने की प्रत्येक 27 तारीख को अलग-अलग स्थानों पर आयोजित कर रही है। इसी क्रम में ये अधिकारी मेरे स्कूल में पहुंचे। अधिकारियों ने स्कूल बंधन की व्यवस्था एवं कार्यशैली पर प्रसन्नता व्यक्त किया एवं विद्यालय प्रबंधन एवं कर्मचारियों के शिष्ट व्यवहार की प्रशंसा किया।

# महिलाओं ने सड़क किनारे डस्ट गिराने पर किया एनएचएआइ का विरोध

एनएचएआइ कर्मियों पर दुर्व्यवहार करने का भी लगाया आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



विरोध कर रहीं महिलाएं।

**बिश्रामपुर (पलामू)।** फोरलेन सड़क का निर्माण करा रही एनएचएआइ द्वारा गुरी गांव में सड़क किनारे खेतों में गुरुवार को हाइवा से डस्ट गिराया जा रहा था। जिसका विरोध स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किया गया। विरोध करने के लिए काफी संख्या में महिलाएं भी पहुंची थीं। विरोध कर रही महिलाओं का आरोप है कि एनएचआई कर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। महिलाओं से दुर्व्यवहार की बात सामने आते ही लोग आक्रोशित हो गए। सूचना मिलने पर बिश्रामपुर पुलिस स्थल पर पहुंची और लोगों को समझाया बुझाया तब जाकर लोग शांत हुए। ग्रामीणों का विरोध देखते हुए कंपनी द्वारा डस्ट नही गिराया गया।

# विधायक चंद्रवंशी से मिले समर्थक जल्द स्वस्थ होने की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता



विधायक को शुभकामना देते लोग।

**बिश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी घुटनों का ऑपरेशन कारा कर बिश्रामपुर वापस आ गए हैं। चंद्रवंशी नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी के विश्रामगृह में स्वास्थ लाभ ले रहे हैं। इस दौरान प्रतिदिन काफी संख्या में उनके समर्थक, भाजपा नेता-कार्यकर्ता और बिश्रामपुर विस क्षेत्र की जनता उनसे मिलकर उनका हालचाल ले रहे हैं। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। गुरुवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, स्वछता अभियान के प्रांतीय सह संयोजक रवींद्र नाथ उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, शिक्षाविद अरुण सिंह, मनीष कुमार, संजय साह, धर्मेंद्र कुमार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, शिवबंश मिश्रा, नरसिंह चौबे, कृष्णा गुप्ता, विजय कुमार रवि, चंदन चंद्रवंशी, भाजपा नेत्री किरण देवी, अर्चना देवी, संजय ठाकुर, चंद्रदेव चौधरी उर्फ कुकू पासी, इद्रीस हवरी,संतोष राम सहित कई लोग विधायक चंद्रवंशी से मिले और उन्हे गुलदस्ता भेंट कर जल्द स्वस्थ होने की मंगल कामना की। चंद्रवंशी ने कहा कि भगवान के आशीर्वाद और जनमानस के अपूर्व स्नेह से जल्द ही पूर्ण स्वास्थ हो कर फिर से जनता की सेवा तथा क्षेत्र के विकास में जुट जाऊंगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# जिला परिषद बोर्ड की बैठक संपन्न

## सदर, सतबरवा, नौडीहा बाजार एवं हुसैनाबाद में 4 अमृत सरोवर योजनाओं की मिली स्वीकृति

### सभी पंचायत भवनों में 'पंचायत समृद्धि केंद्र' की होगी स्थापना

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक मंगलवार को समाहरणालय के ब्लॉक-सी के सभागार में प्रतिमा कुमारी,अध्यक्ष जिला परिषद,पलामू की अध्यक्षता में हुई।

सभागार में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी रवि आनंद समेत सभी सदस्य व प्रमुख सहित विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। सर्वप्रथम बैठक में पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर चर्चा किया गया। इसके पश्चात विभिन्न विभागों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। बैठक में खरीफ मौसम में बीज का वितरण उचित मात्रा में एवं ससमय कराने पर बल दिया गया। वहीं 15वें वित्त आयोग अंतर्गत कुल 90 योजनाओं पर किए गए भुगतान की संपुष्टि प्रदान की गयी। जिला परिषद के आय स्त्रोत के सृजन में वृद्धि हो,इसके मद्देनजर विभिन्न प्रखंडों में लगभग 500 दुकानों का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में सदर मेदनीनगर, सतबरवा, नौडीहा बाजार एवं हुसैनाबाद में कुल 4 अमृत सरोवर योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गयी। पेयजल की समस्या को देखते हुए सभी त्रिस्तरीय पंचायतों द्वारा अपने-अपने स्तर से नये पेयजल के स्त्रोत सृजन कर सकेंगे साथ ही पुराने पेयजल के स्त्रोतों की मरम्मती कराने का भी निर्णय लिया गया। जिले के सभी पंचायत भवनों में जिला परिषद स्तर से 'पंचायत समृद्धि केंद्र' की स्थापना करने का भी निर्णय लिया गया।

जिसमें पंचायत के सभी इकाइयां हेतु स्वास्थ, शिक्षा एवं मनोरंजन आदि संबंधी सामग्री का अधिष्ठापन भी कराया जायेगा। इसी तरह सामाजिक सुरक्षा, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, भूमि संरक्षण, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग व अन्य विभागों की समीक्षा की गयी।

स्पीड न्यूज

## 40 किलो जावा महुआ को किया नष्ट

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पुलिस ने अवैध जावा महुआ शराब के कारोबार पर रोक लगाने को लेकर बुधवार की शाम छापामारी अभियान चलाया। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस ने थाना क्षेत्र के सरैया में महुआ शराब बनाने के लिए रखा हुआ 40 किलो जावा महुआ को नष्ट कर महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाली उपकरण को जप्त किया। जबकि पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही इसमें संलिप्त लोग फरार हो गए।

## आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत

**केतार।** आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत केतार के आंगनबाड़ी केंद्र से की गई। जिसमें लोगों का आयुष्मान कार्ड नि:शुल्क बनाया जा रहा है। साथ ही पहले से जिनका बना है उनका ईकेवाईसी किया जा रहा है। मौके पर बीटीटी अनुज कुमार एवं एमपीडब्ल्यूज मनोज पाठक ने बताया कि आयुष्मान कार्ड के द्वारा पांच लाख रुपए तक का नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा होता है। जिससे प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक सरकारी या मान्यता प्राप्त अस्पताल में इलाज करा सकते हैं।

## चेकनाका के समीप प्याऊ की व्यवस्था

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंडवासियों व राहगीरों को राहत देने के लिए प्रखंड के नासरगंज स्थित चेकनाका के समीप थाना प्रभारी आनंद कुमार साह की ओर से प्याऊ की व्यवस्था की गई है। वहीं थाना प्रभारी साह ने बताया कि दूर दराज से आने वाले फरियादियों व राहगीरों को गर्मी के मौसम में पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था, जिसे देखते हुए यह व्यवस्था की गई है।

## डोमचांच के कई इलाकों में अवैध मोरम का कारोबार

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मधुबन पंचायत के नईटांड मौजा व बगड़ोध पंचायत के गैठीबाद में इन दिनो अवैध मोरम का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। खनन माफियाओं के द्वारा दिन रात जेसीबी से मिट्टी की खुदाई कर मोरमध को चालकर अवैध तरीके से ट्रको पर लोड कर बिहार भेजा जा रहा है। इससे खनन विभाग को लाखो रूपए का राजस्व का नुकसान हो रहा है।

## अवैध तरीके से संचालित क्रशर सील

**कोडरमा।** जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत जामडीहा में अवैध तरीके से संचालित एक क्रशर को खनन व प्रदूषण विभाग की संयुक्त टीम ने सील कर दिया। इस संबंध में खनन विभाग के इंस्पेक्टर अभिजीत मजूमदार ने बताया कि उक्त क्रशर वीरेंद्र साव का है।

## जेएनवी प्रवेश परीक्षा 29 को, शामिल होंगे 2206 परीक्षार्थी

**कोडरमा।** जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा षष्ठ में नामांकन को लेकर 29 अप्रैल को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया है। 80 सीटों के लिए होने वाले चयन परीक्षा में जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों से 2206 परीक्षार्थी शामिल होंगे, इसके लिए जिले में 11 केंद्र बनाए गए हैं। विद्यालय की प्राचार्या महुआ गुहा राय ने बताया कि सतगावां प्रखंड में सिर्फ एक परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जबकि अन्य सभी प्रखंडों में दो-दो परीक्षा केंद्र बनाए गए है।

## आगे की पढ़ाई के लिए अपने ही परिवार के खिलाफ खड़ी हुई छात्रा

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड के मसनोडीह पंचायत के बसवरिया निवासी 17 वर्षीय छात्रा छाया कुमारी ने अपने बाल विवाह के खिलाफ घरवालों के विरुद्ध खड़े होने का साहस दिखाया। इसे लेकर प्रखंड प्रशासन ने उसे सम्मानित किया। बताते चलें कि छाया कक्षा 12वीं की छात्रा है और वह आगे पढ़ाई करना चाहती है, लेकिन घरवालों ने उसकी शादी तय कर दी थी। 06 जून को छाया की शादी की तिथि निर्धारित थी, लेकिन उसने घरवालों को शादी के लिए मना किया, बावजूद इसके घर वालों ने उसकी नहीं सुनी एवं शादी के लिए उसपर दबाव बनाने लगे।

# जिला प्रशासन व इम्पैक्ट इंडिया की पहल से 10,547 मरीजों को मिला लाभ : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला प्रशासन और इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से चंदवारा प्रखंड के पिपराडीह स्टेशन पर 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम के सम्पन्न होने के उपरांत गुरुवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले 250 प्रशासनिक अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न एनजीओ के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर उपायुक्त व डीडीसी ने सम्मानित किया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने सबके प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सामूहिक सहयोग से एक बहुत बड़ा कार्यक्रम सफल हुआ, इस कार्यक्रम से कोडरमा के अलावे हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह, धनबाद और बिहार के नवादा, गया जिले के हजारों लोग लाभान्वित हुए, उन्होंने कहा कि 20 दिवसीय स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर 12 हजार से अधिक लोगों ने अपना निबन्धन करवाया था, जिसमें से 10 हजार लोग शिविर में शामिल होकर निःशुल्क रूप से न केवल इलाज करवाया बल्कि विभिन्न रोगों का सफल ऑपरेशन किया गया। वहीं डीसी ने बताया कि इतने बड़े पैमाने पर जन समूह का इलाज और अपरेशन करना एक बड़ी चुनौती थी, मगर पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, एनसीसी और एनजीओ के सदस्यों के भरपूर सहयोग से इसे सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाया गया।

वहीं डीडीसी ऋतुराज ने बताया कि 20 दिवसीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के दौरान 12,660 लोगों ने इलाज को लेकर निबन्धन करवाये थे, जिसमे से 10,547 लोगों ने इलाज करवाया, इसमे 288 लोगों का विभिन्न रोगों से सम्बंधित सर्जरी करवाया गया। वहीं दन्त रोग से सम्बंधित 708 लोगों इलाज किया गया, वहीं 3127 मरीजों के बीच कान की मशीन (हियरिंग), चश्मा, केलिपर आदि का वितरण किया गया, जबकि 8284 लोगों का बीपी, शुगर व 68 महिला मरीजों का महिला रोग से सम्बंधित इलाज किया गया।

इसके पूर्व आयोजित कार्यक्रम के दौरान अभियान में शामिल अधिकारियों और कर्मियों ने अपने अनुभवों का शेयर करते हुए कहा कि पहली बार लीक से हट कर कार्य करने का अवसर मिला, लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाकर गर्वान्वित महसूस किये।

## टीबी मुक्त पंचायत को लेकर बैठक का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में टीबी मुक्त पंचायत से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष रामधन यादव की उपस्थिती में जिले के सभी प्रखंड से आये जिप सदस्य एवं मुखिया मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य टीबी मुक्त पंचायत बनाने को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों को टीबी बिमारी की जानकारी, बचाव एवं उपचार से संबंधित जानकारी दिया जाना है। वहीं जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति में टीबी के संभावित लक्षण होने पर अवश्य स्वास्थ्य केन्द्र में बलगम जांच कराने के लिए उसे प्रेरित करें। टीबी से संक्रमित मरीजों द्वारा जहां-तहां थूकने से स्वस्थ व्यक्तियों में टीबी संक्रमण का खतरा बना रहता है। शुगर बिमारी से ग्रस्ति मरीजों को टीबी का स्क्रीनिंग कराते रहना चाहिए। क्योंकि रोग प्रतिरोधक क्षमता की कमी के कारण टीबी का खतरा बना रहता है।

## स्वच्छता को दिनचर्या का हिस्सा बनायें : ग्रुप कैप्टन सकलानी

**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया में सामाजिक स्वच्छता अभियान के लिए एनसीसी जूनियर डिविजन के कैडेटों को रवाना किया गया। इसके पूर्व प्राचार्य ग्रुप कैप्टन राहुल सकलानी ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने का सबसे बड़ा संकल्प यह हो कि स्वच्छता को हम अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। यह नहीं कि वर्ष में, महीने में या सप्ताह में एक दिन स्वच्छ रहने की औपचारिकता कर लें और निश्चिंत हो जाएं। वहीं अपराह्न 4 बजे लगभग 200 एनसीसी कैडेट्स जब कुदाल, झाड़ू, तलवार, टोकरी के साथ निकले तो उनकी ऊर्जा और उत्साह देखकर लगा कि अगर किशोरों और युवाओं में ऐसा उत्साह है तो ऐसे अभियानों की सफलता में कोई संदेह नहीं। वहीं कैडेटों ने ग्रामीणों को सफाई का महव बताकर उन्हें साफ-सुथरा रहने की सीख दी और आस-पास के क्षेत्रों को सफाई कर यत्र-तत्र पड़े कूड़े-कचड़े को साफ कर स्वच्छता का जो माहौल बनाया उससे सभी ग्रामवासी प्रसन्न दिखे।

## जिला बोर्ड की बैठक में लिये गये अहम निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक जिप अध्यक्ष रामधन यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान 15वें वित्त आयोग के आबद्ध और अनाबद्ध निधि से 1 करोड़ 80 लाख की लागत के कई योजनाओं के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया, इसके अलावे पंचायतों के जर्जर पंचायत भवनों के मरम्मती एवं चहारदीवारी निर्माण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया, बैठक में जिला बोर्ड के आय स्त्रोत में वृद्धि को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए, आय वृद्धि को लेकर प्राप्त आवंटन से विभिन्न स्थानों पर मार्केट, कम्प्लेक्स, दुकान निर्माण, हाट बाजार निर्माण के अलावे विवाह भवन की मरम्मती व निर्माण के साथ-साथ चौक चौराहों पर हाई मास्ट लाइट के अधिष्ठापन, बस पड़ाव का निर्माण से सम्बंधित योजनाओं पर स्वीति प्रदान की गई, इसके अलावे सीएच प्लस स्कूल रोड में स्थित पुराने दुकानों को ध्वस्त कर नए दुकानों के निर्माण करने का निर्णय लिया गया, जयनगर प्रखंड के पिपचो में मार्केट कम्प्लेक्स निर्माण के लिए सीओ से भूमि प्रतिवेदन उपलब्ध कराने, जिला परिषद सदस्य के क्षेत्रों से सम्बंधित जन कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े समस्याओं के जल्द निराकरण आदि का निर्देश दिया गया। मौके पर जिप अध्यक्ष श्री यादव के अलावे डीडीसी ऋतुराज, निर्मला देवी, राजकुमार यादव, राजकुमार यादव, सुधीर सिंह, विजय सिंह, महादेव राम, शांति प्रिया, नीतू कुमारी, मीता देवी, महेंद्र यादव, लक्ष्मण यादव, केदार यादव, प्रीति देवी, नीतू यादव, विजय सिंह, सुषमा देवी समेत सभी विभाग से संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

एक नजर में

## जिप उपाध्यक्ष ने द विजन पब्लिक स्कूल को भेंट किया कंप्यूटर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिप उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी द्वारा गुरुवार को द विजन पब्लिक स्कूल इटखोरी के छात्र छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए दो कंप्यूटर सेट भेंट किया। जिप उपाध्यक्ष ने निजी कार्यलय में विद्यालय के संचालक संस्थापक नीरज कुमार सिन्हा को कम्प्यूटर प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज के इस वैज्ञानिक युग में कंप्यूटरी ज्ञान होना बेहद जरूरी हो गया हैं। बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए उनकों बचपन से ही कंप्यूटरी ज्ञान देने का अभिभावक को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि वे भी अपनी अन्य दैनिक गतिविधियों के बीच कंप्यूटर का ज्ञान अधिकाधिक अर्जित करने का प्रयास करें ताकि आने वाले भविष्य में रोजगार सहित अन्य क्षेत्रों में उन्हें पीछे मुड़कर देखने की आवश्यकता ना हों। वहीं जिप उपाध्यक्ष ने छात्र छात्राओं के बेहतर भविष्य निर्माण को भविष्य में भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर विद्यालय के संचालक ने जिला परिषद उपाध्यक्ष के प्रति आभार भी जताया। इस मौके पर गौतम सिंह, राजीव नयन पांडेय, प्रदीप कुमार सहित अन्य लोग थे।

## ग्रीन राशनकार्ड धारियों के नवंबर माह का राशन उपलब्ध : खिजरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** ग्रीन राशनकार्ड धारियों का अनाज राज्य सरकार के द्वारा निविदा के आधार पर क्रय किया है। फिलहाल गिधौर कुंदा, कान्हाचट्टी प्रखंड को छोड़ कर जिले के शेष नौ प्रखण्डों के लिए ग्रीन राशन कार्ड धारियों को माह नवम्बर का राशन का आवंटन प्राप्त हो गया है। शेष उक्त तीनों प्रखण्डों का अनाज शीघ्र प्राप्त होने की प्रबल ।सम्भावना है। उक्त जानकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी ने दी। ज्ञात हो कि एनएफएसए के द्वारा पीएच एंव एएवाई कार्डधारकों के अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा गरीब परिवारों के लिए जिले में 18 हजार 52 राशन कार्ड बनाया गया था ।जिसमें कुल सदस्यों की संख्या 50 हजार 227 हैं ।प्रति सदस्य पांच किलोग्राम खाद्यान देने का प्रावधान है। डीएसओ श्री खिजरी ने बताया कि मांह नवंबर 2022 ई का खाद्यान फिलहाल नौ प्रखण्डों के ग्रीन राशन कार्डधारकों के लिए राज्य सरकार के द्वारा उपलब्ध कराया है। जिसका वितरण अति शीघ्र किया जाएगा ।शेष तीन प्रखण्ड गिधौर, कान्हाचट्टी और कुंदा के ग्रीन राशन कार्डधारकों का खाद्यान भी जल्द प्राप्त होने की सम्भावना है। प्रथम चरण में नवम्बर महीने का अनाज ग्रीन राशन कार्डधारकों को पांच किलोग्राम प्रति सदस्य दिया जाएगा। पांच किलोग्राम प्रति सदस्य के लिए पैकेट बना हुआ है। पीडीएस दुकानदारों के द्वारा कार्डधारकों को उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्रकार अब ग्रीन राशनकार्ड धारियों का अनाज की इंतेजार की घड़ी समाप्त हो गया है। डीलरों के द्वारा वितरण प्रणाली में शिकायत मिलने पर सीधे नियमानुसार सख्त करवाई की जाएगी। गरीबों की अनाज की कालाबाजारी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कुपोषण निवारण कार्यों की हुई समीक्षा



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में समर अभियान के तहत कुपोषण से निपटने हेतु किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड सरकार द्वारा राज्य में कुपोषण निवारण के लिए 1000 दिनों की अवधि के योजनाबद्ध महा-अभियान के तहत जिले में कुपोषण एवं अनीमिया से ग्रसित बच्चों और महिलाओं के उपचार हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। राज्य में कुपोषण एवं अनीमिया उन्मूलन हेतु अगले 1000 दिनों में समयबद्ध समर अभियान के संचालन का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। प्रथम चरण में इस अभियान की शुरूआत राज्य के पाँच जिलों में की जायेगी जिसमें चतरा जिला भी शामिल है। समर अभियान जिलावार गृह सर्वेक्षण की स्थिति विगत 03 माह में जिलावार गृह सर्वेक्षण में हुई प्रगति पर चतरा जिला कुल 24 प्रतिशत सर्वेक्षण की प्रगति हो पायी है जिसे उपायुक्त महोदय के द्वारा ससमय गृह सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनी कुमारी, जेएसएलपीएस डीपीएम अनिल डुंगडुंग समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## डीसी ने अनुमंडल पुस्तकालय में चल रहे निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान ने गुरुवार को अनुमंडल पुस्तकालय में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के उपरांत अनुमंडल पुस्तकालय में चल रहे निर्माण कार्य को आगामी 05 मई 2023 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया जिससे कि उत्क्रमित पुस्तकालय नये पुस्तकों और उपकरणों के साथ जिला के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराया जा सके। उक्त निरीक्षण के क्रम में पुस्तकालय कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## भाजपा और झामुमो के बीच बयानबाजी गैर जिम्मेदाराना : मंटू

**श्री बंशीधर नगर।** आम आदमी पार्टी के नेता मंटु पांडेय ने कहा कि राजकीय बंशीधर महोत्सव को लेकर भाजपा एवं झामुमो के बीच जारी बयानबाजी गैर जिम्मेदाराना हरकत है, जो नही होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि महोत्सव से जहां गढ़वा, पलामू सहित राज्य की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई। प्रतिष्ठा से खिलवाड़ करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार जहां समय देखकर महोत्सव का आयोजन करा रही उसमें एक जबाबदेह और जिम्मेवार व्यक्ति को खुलकर समर्थन सहयोग करना चाहिये। लेकिन जिसके विधानसभा क्षेत्र में महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है वहां के विधायक के द्वारा खुलकर विरोध किया जाना एवं महोत्सव से अपने आप को अलग करना कहीं से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग धर्म के ठेकेदार बने हुये हैं इन्हें लगता है कि धार्मिक कार्य सिर्फ इनके द्वारा ही किया जाता है।

## पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रभारी नियुक्त



जानकारी देते भाजपा जिलाध्यक्ष एवं अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम का 100वां संस्करण 30 अप्रैल को पुरा होगा। इसकी जानकारी देते हुई जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने बताया कि कार्यक्रम को बुथ स्तर तक सफल बनाने के लिए सभी मंडलो में कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिसमे विधायक भानु प्रताप शाही को भवनाथपुर, अलखनाथ पाण्डेय को नगर मंडल गढ़वा, जवाहर पासवान को गोवावल मंडल, शारदा महेश प्रताप देव को श्री बंशीधर नगर, मुकेश निरंजन सिन्हा को भंडरिया, रघुराज पाण्डेय को सगमा, गिरीनाथ सिंह को रमकंडा, सुरज गुप्ता को ग्रामीण मंडल, विनोद तिवारी को डंडा, ईश्वर सागर चंद्रवंशी को कांडी, हरेंद्र द्विवेदी को मेराल दक्षिणी, ठाकुर प्रसाद महतो को बड़गड़, ओमप्रकाश तिवारी को मझीआंव शहरी, संतोष दूबे को रंका उत्तरी, रामशीष तिवारी को मझीआंव ग्रामीण, रामकृपाल दुबे को खरौंधी, इंद्रमणि जायसवाल को धुरकी, विकास स्वदेशी को रमना, राजीव रंजन तिवारी को डंडई, मुकेश चौबे श्री बंशीधर ग्रामीण मंडल, कृपाल सिंह को विशुनपुरा, संजय यादव को केतार, उमेन्द्र यादव को हरिहरपुर, रामलला दुबे को बरडीहा, उत्तम पाण्डेय को चिनियां, मुरारी यादव को रंका दक्षिणी, प्रमोद चौबे को मेराल उत्तरी मंडल का प्रभारी बनाया गया है।

# अवैध नकली शराब फैक्ट्री का खुलासा, 10 लाख की नकली शराब जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित हंटरगंज थाना क्षेत्र के जबड़ा और जजलो गांव में करीब दस लाख रुपये का अवैध नकली जहरीली शराब पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने जब्त की है। हालांकि पुलिसिया कार्रवाई के दौरान गिरोह का माफिया मौके से फरार हो गया।

एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर हंटरगंज इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय के नेतृत्व में टीम गठित कर पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई किया है। एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की हण्टरगंज थाना अन्तर्गत ग्राम जजलों एवं जबडा में भीम यादव, राकेश यादव, वृक्ष यादव के घर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब को छुपाकर रखा गया है तथा विकास कुमार के घर पर बिट्टू कुमार द्वारा अवैध रूप से नकली अंग्रेजी शराब बनाया जा रहा है। उक्त सूचना पर कार्यवाई हेतू एक छापामारी दल का गठन एसपी राकेश रंजन के द्वारा किया गया। छापामारी टीम द्वारा ग्राम जबडा बीचला टोला में छापामारी कर भीम यादव के घर के दरवाजे के पास से खड़ी टेम्पू से काफी मात्रा में इंपीरियल ब्लू अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। इसके बाद छापामारी दल द्वारा जजलो बाजार स्थित राकेश यादव के दुकान में छापामारी कर अवैध देशी शराब बरामद किया गया।

इसके बाद छापामारी दल द्वारा विकास कुमार तरवाडीह के घर पर छापामारी कर अवैध अंग्रेजी शराब सहित नकली शराब बनाने का स्टीकर, खाली बोतल तथा कॉर्क वगैरह भारी मात्रा में बरामद किया गया। यह अवैध धंधा बिट्टू कुमार जो शेरघाटी तरफ का रहने वाला है के द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस कारवाई के बाद पुनः छापामारी दल द्वारा वृक्ष यादव के जबड़ा स्थित घर पर दविश दी गई जहां से भारी मात्रा में मैकडॉवेल्स नंबर 1 कम्पनी की अवैध अंग्रेजी शराब की कुल 89 पेटी बरामद किया गया। छापामारी के क्रम में सभी धंधेवाज घर से फरार पाये गये। जिनके गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है। इस संबंध में हटरगंज थाना कांड सं0 73/23 दिनांक 26.0423 धारा 420/ 414/ 272/ 273/ 120(बी) / 34 भा०व०वि०, 47 (ए) उत्पाद अधिनियम तथा 103/104 ट्रेड मार्क एक्ट 1999 के अन्तर्गत पांच (05) नामजद एव अन्य अज्ञात के विरुद्ध दर्ज किया गया है। इस प्रकार अवैध शराब कारोबारियों नशा कारोबारियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलवाया जा रहा है। इसके पूर्व भी इसी माह में वशिष्टनगर थानान्तर्गत ग्राम सालयत में भी नकली शराब बनाने वाले के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई किया गया था। जिसमे काफी मात्रा में नकली शराब सहित नकली शराब बनाने का सामान बरामद हुआ था।

**मौके से पुलिस ने ये किया जब्त:** मौके से इंपिरियल ब्लू कंपनी का 750 एमएल का 40 एमएल बोतल, 375 एमएल का 15 बोतल अंग्रेजी नकली शराब, टंच कंपनी का 375 एमएल का 41 बोतल देशी शराब, मैकडॉवेल कंपनी का 375 एमएल का 1666 बोतल, 180 एमएल का 960 बोतल अवैध अंग्रेजी जहरीली शराब, तस्करी में प्रयुक्त टेंपो समेत विभिन्न कंपनियों का खाली बोतल, स्टीकर व कार्क पुलिस ने जब्त किया है। शराब तस्करों और माफियाओं ने बिहार समेत अन्य बाजारों में नकली जहरीली शराब खपाने की योजना थी। अभियान में एसआई नितेश कुमार दुबे, सुशील टोप्पो व उत्पाद निरीक्षक निर्मल मरांडी समेत पुलिस और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम शामिल थी।

## पानी की समस्या को लेकर सिमरिया विधायक ने एनटीपीसी के सीजीएम से की मुलाकात



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** भारतीय जनता पार्टी टंडवा का एक प्रतिनिधिमंडल ने सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन कुमार दास के नेतृत्व में एमटीपीसी से जुड़े टंडवा के प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की समस्या,तथा हाइवा, ट्रक ट्रांसपोर्ट रोड में पानी का छिड़काव,सूर्य मंदिर में प्याऊ सेंटर का निर्माण कार्य, टंडवा में अंबेडकर पार्क, सहित स्थानीय को रोजगार आदि समस्या को लेकर मुख्य महाप्रबंधक से विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। मुख्य महाप्रबंधक तेजेंद्र गुप्ता ने बहुत जल्द सभी कार्यों के निष्पादन का भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा चतरा जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता, जिला विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडे, महामंत्री विकास कुमार मालाकार, विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया, प्रकाश पाठक, राजेंद्र सिंह, गणेश प्रसाद गुप्ता, ललित प्रसाद साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

